# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

**दिनांक : 18.05.2025** **समय : 0705**

1. **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की सुरक्षा में सहायता करने का अधिकार है।**
2. **स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाने के लिए कैम्पबेल–बे में हाट मेले का आयोजन किया गया।**
3. **परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा द्वीपसमूह के विभिन्न स्थानों पर प्रवर्तन अभियान चलाया गया।**
4. **शिक्षा विभाग की ओर से सातवां अंतर क्षेत्रीय राज्य स्तरीय फुटबॉल लीग–सह नॉकआउट टुर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।**

<><><><><><><>

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत अब उन देशों को सशक्त बनाने का जोखिम नहीं उठा सकता, जो उसके हितों के विरोधी हैं और संकट के समय उसके खिलाफ खड़े हुए हैं। वे कल नई दिल्ली में जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्र की सुरक्षा में सहायता करने का अधिकार है। श्री धनखड़ ने इस बात पर जोर दिया कि व्यापार, कारोबार, वाणिज्य और उद्योग जगत अपने प्रयासों से विशेष रूप से सुरक्षा मुद्दों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव के नेतृत्व में स्थानीय कारीगरों को सशक्त बनाने और पारम्परिक निकोबारी हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कल कैम्पबेल–बे के ज़ोनल लाइब्रेरी ग्राउंड में हाट मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन कैम्पबेल–बे के सहायक आयुक्त डॉ. केशव नरेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर क्षेत्र के खण्ड विकास अधिकारी शेखर राय, आदिवासी परिषद के अध्यक्ष बर्नाबास मंजू और अन्य आदिवासी नेता उपस्थित थे। यह कार्यक्रम हर महीने के दूसरे शनिवार को आयोजित की जाएगी। क्षेत्र के सभी निवासियों से इस अनूठी पहल में शमिल होने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, ने कल 'अबरडीन के युद्ध' में मारे गए महान अंडमानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा जलक्रीडा परिसर स्थित 'अबरडीन युद्ध' स्मारक पर एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य सचिव, ज़िला परिषद अध्यक्ष, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित आम जनता द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।

<><><><><><><>

विश्व थैलेसीमिया और हीमोफीलिया दिवस के अवसर पर टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में बी.एड. के छात्रों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्र का विषय था 'दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम–2016 के तहत विभिन्न विकलांगताओं को समझना – एक समावेशी समाज की ओर' था। इस पहल का उद्देश्य भावी शिक्षकों को थैलेसीमिया और हीमोफीलिया सहित आर पी डब्ल्यू डी अधिनियम के तहत मान्यता प्राप्त 21 मानक दिव्यांगताओं के बारे में ज्ञान प्रदान कर उन्हें समावेशी सहायक एवं बाधामुक्त शिक्षा को बढ़ावा देना हैं। सत्र का संचालन समग्र क्षेत्रीय केंद्र की टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर फिजियोथेरेपी के प्रवक्ता टी वाई आबिद ने विभिन्न पुनर्वास पाठ्यक्रमों के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। पुनर्वास अधिकारी सरन्याह आर.के. ने समावेशी समाज और कक्षा समायोजन के लिए शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा द्वीपसमूह के विभिन्न स्थानों पर प्रवर्तन अभियान चलाया गया। यह अभियान श्री विजयपुरम, फरारगंज, मायाबंदर, हटबे, स्वराज द्वीप और डिगलीपुर में उचित दस्तावेजों के बिना वाहन चलाने से संबंधित उल्लंघनों को रोकने के लिए चलाया गया। हाल ही में सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में वृद्धि हुई है और यह पाया गया है कि इनमें से अधिकांश वाहन न तो सड़क पर चलने योग्य थे और न ही उनके पास आवश्यक दस्तावेज थे। इस सिलसिले में मोटर वाहनों की जाँच के लिए सभी द्वीपों में परिवहन निदेशक द्वारा प्रवर्तन दल गठित किए गए हैं। प्रवर्तन का उद्देश्य न केवल मोटर वाहन चालकों को मोटर वाहन कानूनों का सही मायने में पूर्णतः पालन करने के प्रति जागरूक करना है, बल्कि उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ चालान के माध्यम से कार्रवाई करना भी है। उल्लंघन के लिए चालान के माध्यम से मौके पर ही चालान काटने के अलावा, बार–बार उल्लंघन की पहचान करने के लिए डेटा का अलग से संकलन भी किया जाता है, ताकि कानून के अनुसार उचित दंडात्मक कार्रवाई शुरू की जा सके। एमवी अधिनियम और एमवी नियमों के विभिन्न

उल्लंघनों के लिए कुल 58 वाहनों का चालान किया गया। इनमें बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना वैध बीमा के वाहन चलाना, बिना पी यू सीसी के वाहन चलाना, बिना किराया मीटर लगाए ऑटोरिक्शा चलाना, परमिट वैधता, बिना हेलमेट के वाहन चलाना, ओवर स्पीड जैसे उल्लंघन शामिल थे। सभी मोटर वाहन चालकों और सवारों को एक बार फिर मोटर वाहन कानूनों का पालन करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

यातायात पुलिस की ओर से चालान की प्रक्रिया में बदलाव लाया गया है। अब पारंपरिक मैनुअल प्रणाली की जगह ई–चालान प्रणाली के इस्तेमाल से यातायात कानून प्रवर्तन में एक महत्वपूर्ण बदलाव आएगा। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म ने ट्रैफ़िक उल्लंघनों से निपटने में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित की है, जिससे आम जनता को इसका लाभ मिल रहा है। लोगों को अब चालान विवरण के साथ एसएमएस अलर्ट प्राप्त होते हैं और वे अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे गए लिंक पर क्लिक करके आसानी से ऑनलाइन जुर्माना भर सकते हैं। लोगों को नकद में चालान का भुगतान करने से बचने और पूर्ण पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल भुगतान विकल्पों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अलावा, पुलिस ने पुराने बुकलेट–फ़ॉर्मेट ड्राइविंग लाइसेंस के सभी धारकों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने निकटतम परिवहन कार्यालय में जाकर जल्द से जल्द स्मार्ट कार्ड प्रारूप में अपग्रेड करने की सलाह भी दी है।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की ओर से नेताजी स्टेडियम और फुटबॉल ग्राउंड में बाईस से छब्बीस मई तक लड़कों के अंडर–17 के लिए सातवीं अंतर क्षेत्रीय राज्य स्तरीय फुटबॉल लीग–सह नॉकआउट टुर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इस टुर्नामेंट में नौ शैक्षिक अंचलों से कुल एक सौ चवालिस प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी और अट्ठारह अधिकारी भाग लेंगे। इस लीग आउट टुर्नामेंट का उद्घाटन बाइस मई को दोपहर बाद तीन बजे होगा और इसी दिन पहला मैच नेताजी स्टेडियम में खेला जाएगा। विजेता टीम अगस्त और सितम्बर के महीने में आयोजित होने वाले चौसठवें सुब्रतों कप फुटबॉल टुर्नामेंट में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगी।

<><><><><><><>

नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप में पर्यटक गाइड पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पात्र स्थानीय बेरोजगार युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रतिभागियों को आई आई टी टी एम तथा पर्यटन मंत्रालय की ओर से बारह दिनों का कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर, फ्री–लैंस टूर गाइड के रूप में पैनल तैयार किया जाएगा। उम्मीदवार का किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं पास होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र पर्यटन विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निर्धारित प्रपत्र में भरे हुए आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ बाईस मई दोपहर तीन बजे तक सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में लैब टैक्नीशियन, सिविल, मैकेनिकल और ई सी ई के पद के लिए कम्प्युटर आधारित परीक्षा के आंसर–की कल शाम ई–भर्ती पोर्टल पर अपलोड कर दी गई है। दावे और आपत्तियां उन्नीस मई सुबह आठ बजे तक ई–मेल के माध्यम से भेजे जा सकते है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित तरणताल में आज से स्विमिंग हॉबी की कक्षाएं बैच अनुसार शुरू हो रही है। कक्षाओं के शुरू होने का समय तरणताल के नोटिस बोर्ड में दर्शा दिया गया हैं।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में जनवरी सत्र के लिए पुनः पंजीकरण तीस जून तक जारी रहेगा। जुलाई 2024 वार्षिक सत्र और जनवरी 2025 सेमेस्टर सत्र के छात्र पुनः पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थी इग्नू की वेबसाइट पर जाकर पुनः पंजीकरण कर सकते हैं।

<><><><><><><>